परिशिष्ट-1, 1

[16/12/2024]

प्रश्न सं. [क्र. 254]

कार्यालय कलेक्टर,जिला अनूपपुर (म

क्रमांक 3195/अ.कले./शिका./जॉच/2024 अनूपपुर,दिनांक-16/07/2024

प्रति,

अपर मुख्य सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,किसान कल्याण तथा
कृषि विकास विभाग मंत्रालय,
वल्लभ भवन–1,भोपाल म0प्र0

विषयः– श्री एन.डी. गुप्ता, उप संचालक,किसान कल्याण तथा कृषि विभाग एवं परियोजना संचालक (आत्मा), जिला अनूपपुर के विरूद्ध शिकायत।

संदर्भः– (1) आपका अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांक–658/2024/14–1,दिनांक–22.05.2024
(2) कार्यालयीन पत्र क्रमांक–3148/अ.कले./शिका./जॉच/2024, दिनांक–12.07.2024

—000—

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, श्री एन.डी. गुप्ता, उप संचालक,किसान कल्याण तथा कृषि विभाग एवं परियोजना संचालक (आत्मा), जिला अनूपपुर को जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषकों को उपकरण/सामग्री प्रदाय किये के संबंध में कार्यालय जिला पंचायत अनूपपुर के आदेश दिनांक–02.03.2020 द्वारा राशि स्वीकृत की गई है। श्री गुप्ता द्वारा डीएमएफ से प्राप्त राशि से दुरूपयोग किये जाने पर प्राप्त शिकायत के जॉच प्रतिवेदन में पाया गया कि हितग्राहियों को आधी–अधूरी सामग्री का वितरण किया गया जाकर संबंधितों को कोई प्रशिक्षण नहीं देने से सम्पूर्ण व्यय राशि व्यर्थ हुई।

उक्त संबंध में महानिदेशक,आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ म0प्र0 द्वारा क्र./अपराध/शिशा/3376(23)/ए/2023,दि.–10.11.2023 से प्राप्त शिकायत एवं आवेदक श्री दीपक कुमार मिश्रा, सदस्य राज्य स्तरीय दिशा समिति से अपर कलेक्टर कार्यालय में प्राप्त शिकायत दि.–12.04.2024 में उल्लेखित शिकायती बिन्दु की जॉच हेतु कार्यालयीन आदेश क्रमांक–9555/ शिकायत/23 अनूपपुर, दिनांक–15 दिसम्बर,2023 से जॉच समिति का गठन किया गया था, जॉच समिति द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक–3148/अ.कले./शिका./जॉच 2024,अनूपपुर,दिनांक–12/07/2024,से जॉच रिपोर्ट प्रस्तुत किया है।

अतः श्री एन.डी. गुप्ता, उप संचालक,किसान कल्याण तथा कृषि विभाग एवं परियोजना संचालक (आत्मा),जिला अनूपपुर द्वारा जॉच समिति की रिपोर्ट के आधार पर डीएमएफ से प्राप्त राशि का दुरूपयोग पाए जाने पर निलंबन एवं विभागीय जॉच संस्थित करना उचित प्रतीत होता है,जॉच रिपोर्ट अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर सम्प्रेषित है।

संलग्नः– (1) जॉच रिपोर्ट।
(2) अनुविभागीय अधिकारी(रा.),अनूपपुर,कोतमा,पुष्पराजगढ़ एवं जैतहरी से प्राप्त पटवारी जॉच प्रतिवेदन रिपोर्ट।

कलेक्टर
जिला-अनूपपुर (म0प्र0)

परिशिष्ट -1
पेज 1 से 1 लगायत

... MISHRA
... ON SPECIAL DUTY (OSD)
Department of Farmer Welfare
& Agriculture Development
M... ...

उप संचालक
संचालनालय
किसान कल्याण तथा कृषि विकास
म.प्र., भोपाल